## उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की प्रशासकीय परिषद की अष्टम् बैठक दिनांक 10.01.2015 का कार्यवृत्त।

परिषद् की बैठक में निम्न सदस्यों ने प्रतिभाग किया :-

| क्रमांक | सदस्य का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 के0पी0 सिंह,<br>आई0आई0टी0, बी0एच0यू0,<br>बनारस। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री संजीव मित्तल, आई0ए0एस0<br>प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा,<br>उ0प्र0 शासन,<br>लखनऊ। | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो0 ओंकार सिंह,<br>माननीय कुलपति,<br>मदन मोहन मालवीय प्राविधिक विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर। | सदस्य |
| 4. | श्री ओ0पी0 वर्मा,<br>निदेशक,<br>प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 5. | डा0 आर0के0 सिंह,<br>इमेरेटस साइंटिस्ट एवं पूर्व एडीशनल निदेशक,<br>डी0एम0एस0आर0डी0ई0,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 आर0 चट्टोपाध्याय,<br>विभागाध्यक्ष,<br>टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, आई0आई0टी0,<br>नई दिल्ली। | सदस्य |
| 7. | डा0 डी0बी0 शाक्यवार,<br>निदेशक<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, | सदस्य<br>सचिव |

| | | |
|---|---|---|
| | कानपुर। | |

परिषद् की बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित न हो सके।

| | | |
|---|---|---|
| 8. | प्रो0 आई0 मन्ना,<br>निदेशक,<br>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 आर0के0 खंडाल,<br>माननीय कुलपति,<br>उ0प्र0 प्राविधिक विश्वविद्यालय,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 10. | विशेष सचिव,<br>उ0प्र0 शासन,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>लखनऊ। | विशेष आमंत्रित |
| 11. | प्रमुख सचिव/विशेष सचिव,<br>वित्त विभाग,<br>उ0प्र0 शासन,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 वीरेन्द्र कुमार,<br>प्रोफेसर एवं पूर्व विभागाध्यक्ष,<br>सिविल इंजीनियरिंग विभाग,<br>आई0आई0टी0, बी0एच0यू0,<br>बनारस। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 एस0एम0 इश्तियाक,<br>प्रोफेसर, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी,<br>टेक्सटाइल विभाग, आई0आई0टी0,<br>नई दिल्ली। | सदस्य |
| 14. | प्रो0 एस0सी0 सक्सेना,<br>पूर्व निदेशक,<br>आई0आई0टी0<br>रूड़की। | सदस्य |

उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की प्रशासकीय परिषद् की अष्टम् बैठक आज दिनांक 10-01-2015 को अपराह्न 2:00 बजे प्रोफेसर के0पी0 सिंह, आई0आई0टी0, बी0एच0यू0, बनारस की अध्यक्षता में कमेटी रूम उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम सदस्य-सचिव एवं निदेशक, उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर द्वारा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया।

## परिषद् की बैठक में लिए गये निर्णय का मदवार विवरण निम्नवत हैं:-

**8.01 संस्थान की प्रशासकीय परिषद् की दिनांक 12 सितम्बर, 2014 को सम्पन्न हुई सप्तम बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

उत्तर प्रदेश प्रशासकीय परिषद् की दिनांक 12 सितम्बर, 2014 को सप्तम बैठक तिलक हॉल, यू0पी0टी0यू0, लखनऊ में सम्पन्न हुई थी। बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**8.02 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 12 सितम्बर, 2014 को सम्पन्न हुई सप्तम बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्यवाही का विवरण।**

उत्तर प्रदेश प्रशासकीय परिषद् की दिनांक 12 सितम्बर, 2014 को सप्तम बैठक तिलक हॉल, यू0पी0टी0यू0, लखनऊ में सम्पन्न हुई थी। सप्तम बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही का अवलोकन किया गया। साथ ही विजन डाक्यूमेन्ट 2030 को शीघ्र बनाने के निर्देश दिये।

8.03 संस्थान के वर्ष 2015-16 के प्रस्तावित बजट पर चर्चा/अवगत कराने का प्रस्ताव।

परिषद् ने प्रस्ताव को पहले वित्त समिति से अनुमोदन के उपरान्त प्रशासकीय परिषद् के समक्ष रखने के निर्देश दिये।

8.04 संस्थान में रिक्त शिक्षकों के पदों के पूर्व विज्ञापन को निरस्त करने एवं शिक्षकों के पदों को भरने की अनुमति प्रदान करने का प्रस्ताव।

परिषद् ने प्रस्ताव का अवलोकन किया एवं पूर्व विज्ञापन को निरस्त करके नये विज्ञापन के माध्यम से रिक्त शिक्षकों के पदों को भरने के प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया।

8.05 संस्थान के उपनियम (बायलॉज) के बिन्दु-5 ब के अनुसार विभिन्न पदों पर नियुक्ति/प्रोन्नति हेतु विशेषज्ञों की सूची के वृहदीकरण का प्रस्ताव।

परिषद् ने प्रस्ताव का अवलोकन किया एवं विभिन्न पदों पर नियुक्ति एवं पदोंन्नति हेतु विशेषज्ञों की वृहद सूची सदस्य सचिव द्वारा तैयार करने के निर्देश दिये एवं प्रशासकीय परिषद के अध्यक्ष को प्रेषित सूची का अनुमोदन प्रदान करने हेतु अधिकृत किया।

8.06 संस्थान में एपैरल एवं फैशन टेक्नोलॉजी में बी0टेक0 पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की अनुमति का प्रस्ताव।

प्रस्ताव वापस लिया गया।

8.07 संस्थान में उपलब्ध इंटरनेट की सुविधा का वाई-फाई द्वारा विस्तार का प्रस्ताव।

प्रस्ताव वापस लिया गया।

8.08 संस्थान में "छात्र कल्याण समिति उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर" के सृजन का प्रस्ताव।

प्रस्ताव वापस लिया गया।

8.09 संस्थान में "कर्मचारी कल्याण समिति/समाज सदन उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर" के सृजन का प्रस्ताव।

प्रस्ताव वापस लिया गया।

8.10 संस्थान में रिक्त लिपिक सम्वर्ग के पदों को चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के प्रोन्नति के माध्यम से भरने की अनुमति का प्रस्ताव।

परिषद् द्वारा प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया गया एवं संस्थान के निदेशक को आवश्यकतानुसार समूह "ग" के कर्मचारियों को प्राविधिक शिक्षा निदेशालय से प्रतिनियुक्ति पर लेने के प्रयास करने का निर्देश दिया।

8.11 टेस्टिंग एवं कंसलटेंसी नियमावली एवं संशोधित टेस्टिंग दरों 2014-15 के अनुमोदन का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद् द्वारा प्रस्ताव पर अपनी सहमति प्रदान की।

**8.12 वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार को वस्त्र डिजाइन विषय पर शोध परियोजना का प्रस्ताव भेजने के बारे में अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद् द्वारा प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की।

**8.13 अनुसंधान संस्थानों (DMSRDE व CSWRI) एवं अन्य वस्त्र उद्योगों के साथ संस्थान का अनुबंध (M.O.U) करने के प्रस्ताव।**

प्रशासकीय परिषद् ने प्रस्ताव का अवलोकन किया तथा इस संबंध में संबंधित संस्थानों से विचार विमर्श कर कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिये।

**8.14 निदेशक के पद पर नियुक्ति एवं कार्यभार ग्रहण करने के बारे में अवगत कराना तथा अनुकंपा के आधार पर चतुर्थ श्रेणी में की गयी नियुक्तियों के अवलोकन का प्रस्ताव।**

परिषद् ने प्रस्ताव का अवलोकन किया।

**8.15 प्रशासकीय परिषद् के रिक्त पदों पर सदस्यों को नामित करने का प्रस्ताव।**

प्रशासकीय परिषद् ने अवलोकन किया तथा प्रो0 सत्यव्रत जित, प्रो0 इलेक्ट्रानिक्स विभाग, आई0आई0टी0, बी0एच0यू0, वाराणसी को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सदस्य के रूप में नामित करने की सहमति प्रदान की।

**8.16 विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन एवं लम्बित वादों की अद्यावधिक स्थिति से अवगत कराना तथा रिट याचिका संख्या-60121/2014 हेतु निजी वरिष्ठ अधिवक्ता की सेवायें लेने के बारे में अवगत कराना**

परिषद् ने प्रस्ताव का अवलोकन किया तथा प्रभावी तरीके से पैरवी करने के निर्देश दिये।

**8.17 संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति से अवगत कराना।**

परिषद् ने निर्माण कार्यों की स्थिति का अवलोकन किया एवं पुरूष छात्रावास का शीघ्र हस्तान्तरण किये जाने का निर्देश दिया।

**8.18 संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के सत्र 2014-15 में प्रशिक्षण व सेवायोजन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराना।**

परिषद ने प्रस्ताव का अवलोकन किया।

**8.19 समूह "ग" के लिपिक/आशुलिपिक संवर्ग व तकनीकी संवर्ग के कर्मचारियों के सेवानियमावली के बनाये जाने का प्रस्ताव।**

प्रस्ताव वापस लिया गया।

**8.20 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई प्रस्ताव पर विचार।**

- विकास आयुक्त हस्तशिल्प, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के द्वारा संचालित "अनुसंधान एवं विकास" योजना के अन्तर्गत "चिकनकारी अवसर एवं चुनौतियॉं" विषयक सेमिनार संस्थान में आयोजित करने हेतु प्रस्ताव पर परिषद ने सहमति प्रदान की।

- परिषद ने टेक्युप-2 के अन्तर्गत प्रस्ताव (Institutional Development - Scaling up post graduate education and demand driven R&D) को नेशनल प्रोजेक्ट इम्पलीमेन्टेशन यूनिट (एन0पी0आई0यू0) के समन्वयक के साथ विचार-विमर्श कर पुनरीक्षित प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिये।

- परिषद ने बोर्ड आफ स्टडीज/वित्त समिति/चयन समिति के सदस्यों (संस्थान के सदस्यों एवं पदेन सदस्यों को छोड़कर) को प्रति बैठक उ0प्र0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ से सम्बद्ध अन्य ^ राजकीय / भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के समान मानदेय देने की सहमति प्रदान की।
  VK

| | | |
|---|---|---|
| (डा0 डी0 बी0 शाक्यवार) | (संजीव मित्तल) | (प्रो0 के0 पी0 सिंह) |
| सदस्य सचिव | उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद् / प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन | अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद् |